भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
28.07.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1514 का उत्तर

रेलवे यार्ड में भूमि का आवंटन

1514. श्री मोहनभाई कुंडारिया:
श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राजकोट में एक अंतर्देशीय कंटेनर डिपो स्थापित करने के लिए लंबी अवधि के पट्टे पर कॉनकॉर को रेलवे यार्ड में भूमि के आवंटन के संबंध में जनहित में जन प्रतिनिधियों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): जी हां। राजकोट में कॉनकोर द्वारा अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) की स्थापना करने के लिए रेलवे भूमि की पहचान करने हेतु हाल ही में एक संसद सदस्य (लोक सभा) से अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है। बहरहाल, इस संबंध में कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकोर) से कोई औपचारिक अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

*****